जी किया नाखूनो से खरोच कर उन अक्षरो को चूम ल जो मेरी आखो मे आज भी नावो की तरह तर रहे हैं। यह कौन होते हैं ?

"पर मैं कौन हू ? मैं तो इस कोने का किराया भी नही दे सका था।" लड़खड़ाते हुए कदमो से बाहर आया, जैसे जिस्म का एक हिस्सा उस अंधेरे कोने मे खो गया हो

नये बने होस्टल मे रिक्शा रुका। कमरे की चाभी लेकर अंधेरे किले जैसे हास्टल मे नम्बर तलाश करने लगा। दूसरी मंजिल पर एक कमरा खोला। खाली सुन-सपाट कमरे मे खड़े होकर एक लम्बा सास भरा —और खाली दीवारो की ओर बड़े मोह वाली नजरो से देखा —तभी क्लर्क बोला 'आपका कमरा बी ब्लाक मे है, ए ब्लाक मे नही।'

बी ब्लाक —कमरा खाली करने वाला अजीब से अंक और अक्षर बखेर गया था। छोटी छोटी फालतू चीजें बिखरी पड़ी थी। फटे पुराने समाचार पत्र शैम्पू की खाली शीशियां, फ्यूज हुए बल्ब जूतो का खाली डिब्बा पुराने ब्लेड, स्याही की खाली दवात और पत्रो के फटे हुए टुकड़े

अपने आप मे अपराधी सा महसूस किया जब तीन बरस बाद यही कुछ कमरे मे छोड कर हास्टल के बाहर आया, तो रिक्शा मे बठते हुए एक पल के लिये लगा जसे अभी मैंने सामान रिक्शा से उतारा ही न हो और तीन बरस जैसे जिन्दगी से

मनफी हो गए हो   तीन बरसो का हासिल ?

आधी रात के समय हम दाना अपने कमरे को लौटे   दिल्ली जस खामोशी का पहाड बन कर सो रही थी।

"तुम्हारे घर मे पानी पीने के लिये गिलास भी नही "

यह सामने बीअर की खाली बोतल ह "

"कोई प्लेट ?"

यह अखबार है '

हमने ढाब से लाई हुई रोटी अखबार बिछा कर उस पर रखी—ता लगा जसे मन के एक खाली कोने मे स्वरमडल जसा वृक्ष उग रहा हो—

और कुछ दिन बाद फिल्म इन्स्टीच्यूट मे ट्रेनिग क दौरान हमने प्रभात स्टूडिया के परले पार छोटी-सी पहाडी के चरणो म एक फ्लैट किराये पर ले लिया। मामान सिफ दा अटचीकेस और छाटे मोटे बतन थे—और आधा वेतन किराय म चला जाता था। पर ऐसा लगता था जसे जि दगी के कितने ही बरस हम इस घर के लिये भटक्ते रहे थे

और अब भी जब हम दोनो बातें करते है ता प्राय अपन सुपनो मे बसे हुए घर के बारे मे—छाटे छाटे खर्चों म जब सारी तनख्वाह निबट जाती है तब—मेर हाथा का क्म के दबा कर वह कहती है "मुझे कुछ भी नही चाहिए—मुझे टी वी सीवी माफा का शौक नही है। सिफ चादी की घटिया वाला पालना चाहिये अपनी बच्ची के लिए।"

मैं जब भी अपने नये घर की कल्पना करता हू ता उसका एक कोना पिघले कर अधेरा मीला हुआ सीढियो का कोना।

गुल चौहान (१९५०)

कमरे से घर और घर से कमरे तक की यात्रा में जब कमरा था, मैं उसमें घर तलाश करता रहा और जब घर था तब उसमें अपना खोया हुआ कमरा ढूंढता रहा।

वास्तव में मैं अपना जन्म १९५० में नहीं, १९७० में मानता हूं। क्योंकि उन २० वर्षों का कुछ भी प्रमाणित मेरे पास नहीं है जो इस लम्बे काल का आस्वा दवा बन सके। यद्यपि यह भी सच है जो मैं आज आप से कह रहा हूं उसका बहुत कुछ इन बीस वर्षों की भी जमा बाकी है, खैर

मेरा पहला कमरा मेरी और मुख्तार गिल की साझेदारी में था उसके बाद प्रीत नगर का कमरा, उसके बाद शरीफपुरा वाला, और अब यह जो इन कमरों के बाद भी है और पहले भी था—५८७ ईस्ट मोहन नगर। गेट पर मेरे पिता की नेम प्लेट के साथ लेटर-बक्स

कहीं से आता हूं तो सबसे पहले चिट्ठी देखता हूं, या अपने पांच बरस के बच्चे के शब्दों की प्रतीक्षा करता हूं—"गुल पापे कोई आया" ताकि जितनी जमीन ताल्स्ताय ने इंसान की जरूरत बताई थी कहीं उतनी ही मेरा नसीब न हो जाए

फिर से अपने पीहर के दरवाजे खिडकिया उस पहले अधिकार और गर्व से नहीं खाल सकती।

एक पाकिस्तान बनने के बाद जसे उसके बराबर कितने ही पाकिस्तान बना लेना मेरी आवश्यकता बन गई थी। ताकि गम टुकडा टुकडा बट जाए। सो मैंने उसी शहर म किराये पर कमरा ल लिया। बस्ती का नाम शरीफपुर था। पर मरा कमरा तिमजले मकान की बिचली मजिल मे था। नीचे मालिक मकान ऊपर कडक्टर। नीचे मालिक मकान की लडकी कोई बकवास जैसा गीत जोर जार से गा रही होती। और ऊपर कडक्टरो ने काई चालू लडकी कमरे मे घुमाई हुई होती दखने वाला कहता यह कमरा है या काठा ?

"कहा से आए हो? क्या आए हा? कहा चले हा?" मुझे काई पूछने वाला नही। यह मूख किस्म के सवाल जिनका जवाब आदमी आज तक नही ढूढ सका। घर था ता पट्टी म एक कवि सम्मेलन मे कविता पढकर आया था। नया नया लिखना शुरू किया था। कविता कुछ इस तरह थी कि लोग कहते है अखबार पढा करा, इसमे अपने देश और परदेश के समाचार होते है, पर मैंने दा घटे बबाद कर दिये यह छोटी सी खबर भी नही मिली कि हमारे घर मे कल रात खाना नही पका था। घर लौटा तो मेरा पिता पूरे के पूर दहशत बने हुए खडे थे। (उन्ह सी० आई० डी० के किसी रिपोटर ने बताया था), वह मेरा ही इतजार कर रह थे। कुत्ते के बच्चे! तू लोगो म कहता फिरता है घर मे खाना नही पकता जब तुझे खाने का मुर्ग मिलत हैं। क्या नही मिलता तुम लोगो को? निकल जा मेरे घर स और उठा अपना सामान।" और वह मरा सामान बाहर

फेंकने लगे 'यह जाता है तेरा गोर्की यह जाता है तेरा चेखव यह जाता है तेरा ' और किताब एक एक करके आगन म बिखर रही थी

और फिर वह रो रहे थ तू इसीलिय पदा हुआ था।" और—म सोच रहा था—मैं इसलिये तो पैदा नही हुआ था और फिर मैं प्रीत नगर आ गया था। सोचता हू एक कमरा है —विशाल हरी पृष्ठ भूमि म लटका हुआ, नीले रग का कमरा। एक आदमी इस कमरे मे दाखिल होता है। कुछ मिनट के बाद जब वह आदमी बाहर आता है तो वह आदमी वह नही होता अजीब तरह से बदल चुका है। किसी की एक टाग लम्बी हो जाती है, किसी की नाक बडी हो जाती है, किसी की एक आख उसके चेहरे पर फल जाती है।

वहीं से एक आवाज सुनाई देती है "मसजिद का मुअज्जिन रोज मरे, थानेदार की उम्र दराज करना

एक खामोश हरी स्पेस म लटकता हुआ नीला कमरा— मेरा कमरा जिसमे से गुजरने वाला मनुष्य वह नही रहता जो वह दाखिल हुआ था, बाहर निकलने वाले मनुष्य के बदले हुए रूप से मुझे भय भी आता है। सोचता हू यह मनुष्य इस नीले कमरे का विज्ञापन हो जाएगा ।

शायद यह कमरा भी मेरा नही है। इसम मेरे यारो के कमरे भी जीवित हैं। सोचता हू मुझे उस व्यक्ति की ही प्रतीक्षा है जो इस हरी स्पेस म लटके हुए कमरे से गुजरते हुए अपना पहला आकार उभार रख सके, बदल न जाए।

हितू (मेरा बच्चा) कहता गुल पाप गुब्बारे तो वही होते हैं। एक बेचने वाला आता है तो कहता है गैस के गुब्बारे

ले लो, दूसरा कहता है हवाई गुब्बारे ले लो।"

या जब वह मुझे रगो से "पापली पापलू" बन के दिखाएगा। "यह बहुत सुन्दर है इसे दीवार पर लगा दो।" या वह मेरी बाहु पर पडा है और कहानी सुनने की जिद करता है।

"एक खरगोश था, सवेरे उठता था, ब्रुश करता था, स्कूल जाता था, स्कूल जाकर पढ़ता था '

"पढकर क्या हुआ ?"

"बेटे पढ-पढ कर वह इजीनियर बन गया।

"इजीनियर क्या होता है ?"

"बेटे ? इजीनियर वह होते हैं जो सड़कें बनाते है, मशीनें बनाते है गाड़ियां बनाते हैं कार बनाते हैं "

"रगो से ?"

वह बीमार है। कुछ अजीब-सा बडबडा रहा है और तेज बुखार से तप रहा है।" "नही इसे कुछ नही हो जा रहा है।" मैं बार-बार अपना विश्वास पक्का करते हुए उसकी नब्ज देखता हू मैं जाग रहा हू कुछ गलत न हो जाए इससे डर रहा हू

टी० वी० चल रहा है। टिंकू मेरी गोदी में बैठा है। स्क्रीन पर एक बच्चा गा रहा है। मैं उसे उत्साहित करने के लिये कहता हू 'बेटे ! देखो कितना अच्छा गा रहा है। वह चुप है मैं कहता "बेटे ! देखो उसे सुनकर सुन्दर-सुन्दर लडकियां तालियां बजा रही हैं देखो।' वह फिर भी चुप है कोई प्रतिक्रिया नहीं। पर कुछ देर बाद वह पूछता है। 'पापा, इसकी मम्मी है ?

एक छोटी-सी दुनिया है, एक तलाक शुदा आदमी, एक बिना मा के वच्चे की। और उसमे—खामोशी है, इतजार है, सुपना है।

मुझे अपने कमरे से शिकायतें भी है। जसे कि डूबता हुआ सूरज ऊचे ऊचे मकानो के पीछे चोर की तरह छिप क्यो जाता है, सबके सामने समुद्र मे क्यो नही डूबता ? जसे कि, दरवाजा खटखटाने वाला व्यक्ति वह क्यों नही होता जिसका मुझे इतजार होता है ? जसे कि जब मैं चाहू यह बातें करे, कोई कहानी छेडे यह पत्थर क्यो हो जाता है ? जसे कि, मैं इसके लिये कुछ भी नया करू कुछ समय बाद अस्तित्व क्यो खो बैठता है ? जसे कि, जब भी मैं इसमे एक सलीका लाता हू, कुछ समय बाद यह स्टोर की सूरत क्या हो जाता है ?

बीबा बलवन्त के कमरे म लगी हुई खूबसूरत लडकियो की पेंटिग्ज के चौगिर्दे मे जो पल मैंने अकेले बिताए हैं, मैं चुरा लाना चाहता हू।

जो बारीक-सा पुल मैने अमता और इमरोज के बीच की दूरी मे चमकता हुआ देखा है मैं चाहता हू उसी जैसा एक पुल मेरी भी किस्मत बन जाए।

वसे तो यह भी सोच रखा है कि कोई भी कमरा हो, एक न एक दिन मुझे वहा से जरूर गोर्की, चेखव और अपनी कहानिया समेत जलावतन होना पडेगा या जलावतन कर दिया जाऊगा बस कही भी वस कभी भी, पता नही कहा—किस वक्त।

मन घटना चक्र म से मनफी होगा, और खामोश हरे शून्य म भटक जाएगा।

इससे पहले कि पैरो मे से जडें निकलकर मिट्टी से कोई माजिश करने लगें, आगे बढ चलना है। हसरत तो बहुत है एक पेड की तरह उगा जाय, सूरज का हरे रग म पेंट किया जाय हवा मे से काई खुशबू लेकर उसे कोई मशा दी जाय, धरती के आकषण का पूरा मान दिया जाय। परन जान क्या बन चुके कई पाकिस्तान किसी भी जमीन के टुकडे को अपना मुल्क नही ममझने देते ।

कश्मीर सिह पन्नू (१९५०)

कमरे का खयाल आते ही यू लगता है कि अभी कोई पक्का बिल नही है। साप की तरह केंचुली उतार कर कइ झाडिया म छोड आया हू, और फिर अतीत के प्रिज्म मे झाकते समय कई कमरे आखो के आगे घूम जाते ह। उलझन होती है कि कौन से कमरे के बारे मे लिखू ? पर कुछ न भूलने वाले कमरे याद मे से स्पष्ट होते हुए लिखने के लिये उकसाते हैं। सन १९५० मे नवम्बर की ३ तारीख को मुर्गे की बाग के लगभग दो-तीन घटे पहले दुनिया को देखने के लिये मैंने आखें खोली थी। होश सभालने पर मा न बताया था कि मैं ननिहाल मे एक अधेरी कोठरी म तब पैदा हुआ था जब उस काठरी की कच्ची दीवार को पिछवाडे की ओर से चार सेंध लगाने मे व्यस्त थे पर वह रोने की आवाज सुन कर रफूचक्कर हो गए। इसी अलौकिक घटना के कारण सवेरे नाना ने मोहल्ले मे लडडू बाटे थे और खुशी म भगडा नच वाया था। गाव के लोग कह रहे थे—अगर पहलवान मिया सिह के घर रात का दोहता न आया होता ता चार सब कुछ लूट-पाट कर ले जाते। तभी तो नाना भरी चढती जवानी की गल तियां हस कर माफ कर दिया करते थे। मैं मन ही मन उस कोठरी

अन्दर आ जाते तो किताब बन्द करने का मुझे बढ़िया बहाना मिल जाता। तभी तो वह पहाड़ों के पैरों में बना हुआ कमरा अच्छा लगता था जो मुझे पढ़ने से छुटकारा दिला देता था। १९६५ की भारत-पाक लड़ाई के दौरान ब्लैक आउट के समय मैंने अलग कमरे में मुंह सिर लपेट कर, छोटी बैटरी जलाकर, घर वालों से छिपा कर एक बार लड़ाई पर एक व्यंग लेख लिख कर अखबार को भेजा जिसे छपने पर अपनी कक्षा में गर्व से दिखाया, पर मां ने मुझे बेलन से पीटा था कि मैंने रात को रोशनी करके सब को मरवा देना था। इस मार का निशान अभी भी मेरी दाहिनी टांग पर है, और आज भी वह कमरा एक दाग के रूप में मेरे पास है। लड़ाई खत्म होने पर मैं अपने जद्दी गांव आ गया था। एक ही लम्बा कमरा था। मिट्टी के तेल की रोशनी में पढ़ने के लिए मुझे रसोई मिली हुई थी, जो मेरा कमरा भी थी क्योंकि कोर्स की किताबों का बस्ता पानी के घड़े के पास रखना पड़ता था। पढ़ते समय रसोई से जब किसी डिब्बे में से बड़ी स्वादिष्ट सी महक आती तो ड्राइंग की परकार उसका ताला खोलने के काम आती। दिये की रोशनी दीवार पर जलने और फिर बुझने से एक लड़की अन्दाजा लगा लेती थी कि मैं कब सोया। इस कमरे से मुझे इस कारण भी स्नेह था क्योंकि वह लड़की मुझमें आदर्श ढंग का सा इश्क करने लगी थी।

दसवीं के बाद आबकारी के दफ्तर में नौकरी लग गई। इसलिये उसी महकमे का एक कर्मचारी मेरा रूम मेट बन गया। उन दिनों मैं शराब को मुंह से न लगाता था। लेकिन वह और उसका एक मरियल-सा दोस्त मुफ्त की पीकर मस्त-मस्ती किया करते थे। हमारे कमरे में मेरे रूम मेट ने मोचना, कैंची, और

डौने बनाने वाला बुलवर्कर रखा हुआ था, जिसमे वह सेहत बनाता था। वह दूध लेकर अलग रख लेता था, जो कभी कभी सिफ बिल्ली के काम आता था। वह पन्द्रह-पन्द्रह दिन के बाद डौलो पर बाधे हुए धागा को देखा करता था कि उनसे कुछ निशान पडे है या नही। उसी कमरे मे मेरे रूम मेट न एक हसीन लडकी की अधनगी तस्वीर टागी हुई थी, जिसकी सुन्दरता मक्खियो न बिगाड दी थी। और साथ ही हनुमान की तस्वीर भी, जिसके सामन वह व्यायाम करन से पहले धूप जलाया करता था, न जाने क्या। उसी कमरे म डौलो के खोल टूटन के साथ-साथ लडकिया के सुपन भी टूटते थे। उसका मजनू दोस्त चूडियो के टुकडा को घूर कर देखता और फिर उन्हें अपनी जेब मे रखते हुए एक ठडा सास लेता—मुझे इस सब कुछ से कोई दिलचस्पी नही थी। जल्दी ही मैं उस माहौल को सलाम कर के चडीगढ आ गया। कमरे मे अकेले रहते हुए जब बल्ब की रोशनी दीवार पर पडती तो गाव के दिये वाली पट नाए मुझे उस लडकी की याद दिलाती। उसकी शहद से भी ज्यादा मीठी चिट्ठियो का पढ कर छाती स लगात हुए कई बार अकेला कमरे म पागला की तरह बातें करन लगता था। पर मेरे आदश सुपना पर उसकी बेवफाई ने ऐसा पानी डाला कि मुझे वह कमरा काटन आन लगा। मानसिक तौर पर मैं बहुत कुछ ऊट पटाग सोचता था। फिर मुझ पर एक सनक सवार हो गई। माग कर लिय हुए कमरो के दृश्यो का याद कर के अब भी मुझे अपन आप से नफरत होन लगती है। सिफ वही कमरा मैं जान बूझ कर कुछ समय के लिए लेता था जिसके दो दरवाज होते थे—एक को बाहर स ताला लगा कर दूसरे को अन्दर स

मिटकिनी लगा कर, निश्चित होकर कमरे को भोगता था। इस कमरे म हमारे सासो की, और चूडिया की खनक की आवाज दीवारें सुन लेती थी।

उन्ही दिनो हमारा सारा परिवार चडीगढ आ गया। फिर भी घर के प्राणिया के बीच रहते हुए, पिता की खुरदरी आवाज, छोटे बच्चा की चीख चिल्लाहट, बतनो का खनकना तडके के साथ आन वाली छीको के बीच छोटे-से कमरे के एक कोने मे एक हिलने वाली कुर्सी पर बठ कर पहले की तरह ही मैंने पढना लिखना जारी रखा। बाहर की ओर खुलन वाली खिडकी से जब मैं आकाश की ओर देखता तो उडान भरते हुए पछी मुझे अच्छे लगते। मैं इस कमरे मे अपने आपको गुलाम समझते हुए भी आधी आधी रात तक पढता और घर वालो की नींद खराब करता रहा। मैं अपनी मर्जी का ब्याह करवा कर अलग रहना चाहता था, जहा मेरी किताबें हो और वह तभी तो सगाई की बात पक्की होने पर उससे हम कर कहा था "आज के बाद तुम्हारी एक सौत नहो, बल्कि बहुत हागी। तब वह हैरान परे-शान उलझी उलझी मेरी ओर देखती रही थी। पर उसे उल-झन में से निकालने के लिये मैंने कहा था कमरे मे किताबें ही तुम्हारी सौतनें होंगी। पर ब्याह करवा कर कमरे को सजाने की जो कल्पना की थी वह वास्तविकता न बन सकी। सिर के ऑपरेशन के कारण राजेन्द्र अस्पताल पटियाला के कमरे में मेरी टागो को रस्सिया म बाधा गया ताकि मैं एडिया भी न रगड सकू और उस सर्जरी के डॉक्टर अजमेर सिंह न बहुत हल्के हाथ स आपरेशन करके मुझे मौत के मुह मे निकाल कर बाहर की दुनिया देखन के काबिल बनाया। जब स्वस्थ हो गया तो उस

डोने बनाने वाला बुलवर्कर रखा हुआ था, जिससे वह सेहत बनाता था। वह दूध लेकर अलग रख लेता था जो कभी कभी सिर्फ बिल्ली के काम आता था। वह पन्द्रह पन्द्रह दिन के बाद डोला पर बाधे हुए धागो को देखा करता था, कि उनसे कुछ निशान पडे है या नही। उसी कमरे मे मेरे रूम मेट ने एक हसीन लडकी की अधनगी तस्वीर टागी हुई थी जिसकी सुन्दरता मक्खियो ने बिगाड दी थी। और साथ ही हनुमान की तस्वीर भी, जिसके सामने वह व्यायाम करने से पहले धूप जलाया करता था, न जाने क्यो। उसी कमरे मे अडो के खोल टूटने के साथ-साथ लडकियो के सुपने भी टूटते थे। उसका मजनू दोस्त चूडियो के टुकडो को घूर कर देखता और फिर उन्हे अपनी जेब मे रखते हुए एक ठडा सास लेता—मुझे इस सब कुछ से कोई दिलचस्पी नही थी। जल्दी ही मैं उस माहौल को सलाम कर के चडीगढ आ गया। कमरे मे अकेले रहते हुए जब बल्ब की रोशनी दीवार पर पडती तो गाव के दिये वाली घटनाए मुझे उस लडकी की याद दिलाती। उसकी शहद से भी ज्यादा मीठी चिट्ठियो को पढ कर छाती से लगाते हुए कई बार अकेला कमरे मे पागलो की तरह बातें करने लगता था। पर मेरे आदर्श सुपनो पर उसकी बेवफाई ने ऐसा पानी डाला कि मुझे वह कमरा काट खाने लगा। मानसिक तौर पर मैं बहुत कुछ ऊट पटाग सोचता था। फिर मुझ पर एक सनक सवार हो गई। माग कर लिये हुए कमरो के दृश्यो को याद कर के अब भी मुझे अपने आप से नफरत होने लगती है। सिर्फ वही कमरा मैं जान बूझ कर कुछ समय के लिये लेता था जिनके दो दरवाजे होते थे—एक को बाहर से ताला लगा कर, दूसरे को अन्दर से

मिटकिनी लगा कर निश्चित होकर कमरे को भोगता था। इस कमरे मे हमारे सासो की और चूडिया की खनक की आवाज दीवारें सुन लेती थी।

उन्ही दिनो हमारा सारा परिवार चडीगढ आ गया। फिर भी घर के प्राणियो के बीच रहते हुए पिता की खुरदरी आवाज छोटे बच्चो की चीख चिल्लाहट बतनो का खनकना तडके के साथ आन वाली छीको के बीच छोटे-से कमरे क एक कोने मे एक हिलने वाली कुर्सी पर बठ कर पहले की तरह ही मैने पढना लिखना जारी रखा। बाहर की ओर खुलने वाली खिडकी से जब मैं आकाश की ओर देखता तो उडान भरत हुए पछी मुझे अच्छे लगते। मै इस कमरे मे अपने आपको गुलाम समझत हुए भी आधी आधी रात तक पढता और घर वालो की नीद खराब करता रहा। मैं अपनी मर्जी का ब्याह करवा कर अलग रहना चाहता था, जहा मेरी किताबें हो और वह तभी ता सगाई की बात पक्की होने पर उससे हस कर कहा था 'आज के बाद तुम्हारी एक सौत नही बल्कि बहुत होगी। तब वह हैरान परेशान उलझी उलझी मेरी ओर देखती रही थी। पर उसे उलझन मे से निकालने के लिये मैंने कहा था 'कमरे मे किताबे ही तुम्हारी सौतनें होगी।' पर ब्याह करवा कर कमरे को सजाने की जो कल्पना की थी वह वास्तविकता न बन सकी। सिर के ऐक्सीडेंट के कारण राजेन्द्र अस्पताल पटियाला के कमरे मे मेरी टागो को रस्सियो से बाधा गया ताकि मैं एडिया भी न रगड सकू और उस सजरी के डाक्टर अजमेर सिंह ने बहुत हल्के हाथ से आपरेशन करके मुझे मौत के मुह से निकाल कर बाहर की दुनिया देखने के काबिल बनाया। जब स्वस्थ हो गया तो उस

डाक्टर का धन्यवाद करने के लिये फिर अस्पताल गया, और उस कमरे को हसरत भरी नजरों से देखा जहां मेरा दूसरा जन्म हुआ था। वहां पड़ी हुई कई चीजों को छूआ। उस पानी की टोंटी पर ओक से पानी पिया क्योंकि बीमारी की हालत में न बोलने के कारण गूंगों की तरह उसी टोंटी की ओर पानी-पीने के लिये इशारा किया करता था। आते समय भी मैं उस कमरे को लौट-लौट कर स्नेह भरी निगाहों से देखता रहा था

वर्तमान रैन-बसेरा माहौल में नदी के किनारे, प्रकृति की गोद में होते हुए भी एक कम तीन माल की आयु होने पर भी कमरे का अपना कहने की बात नहीं कह सकता। मुझसे पहले इन कमरों में दो जने रहते थे, जिन्होंने यह कह कर मकान लिया था कि उनकी बीवियां अपने पीहर गई हुई हैं—वह कभी भी पीहर से नहीं आईं। और एक रात वह चारों से घर छोड़ने के समय महीने का किराया तो मार ही गए साथ ही पीतल की टोंटियां भी नलकों पर से उतार कर ले गये और इसका नतीजा यह हुआ कि पानी गुसल में समर की तरह निरंतर चलता रहा। इस मकान के कमरों में तरह तरह की तस्वीरें लगी होने के अलावा गुसलखाने में पाखानों के गुसलखानों की तरह बहुत कुछ अश्लील लिखा हुआ था जो बाद में हमने मिटाया। रहा सो तो यह दो कमरों का सेट है पर जो बीच की दीवार निकाल दी जाय तो इसका आकार एक साधारण कमरे से अधिक नहीं होगा। इसी कारण घर के मसाले-वसाले की टोकरे रखने के लिए पत्नी ने मेरी किताबों वाला रैक मैं जो लगा हुआ है, और किताबें एक थान में भर कर उसके ऊपर बना टांड लिया है। जब मुझे किसी किताब की जरूरत पड़ती है तो बड़ी दिक्कत

होती है। रोशनदान के तरेड खाए हुए शीशे मे से जब बरसात का पानी जब टपाटप कमरे की दीवार के साथ बहता हुआ नीचे किताबो तक आता है तो हम दोनो किताबो को पलग पर बिखरते हुए बडे अजीब लगते हैं। धूप निकलने पर आगन में किताबो को सुखाने के लिए जब चारपाइयो पर बिछाते हैं तो वह किसी प्रदर्शनी से कम नही लगती है। सवेरे जब अखबार पढ़ने मे व्यस्त होता हू तो दूसरे कमरे मे धूप जलाकर मेरे लडके सन्नी से उसकी मा माथा भुकाने के लिय कहती है वह मुझसे साथ ही इशारे से उसे मेरे लिये भी कहती है और प्रणाम करने के लिये तोतली बोली मे कहता है। मैं धर्म का दिल से न मानते हुए भी तस्वीर के आगे पत्नी को खुश रखने के लिय अनमना सा पटका लपेटे हुये सिर को भुका देता हू। जब कुछ लिख रहा होता हू तो मेरा लडका पन लेकर अजीब कील काटे बनाता है और जब जी भर जाता है पन वापस कर देता है। जितनी देर तक वह "लिखन" मे व्यस्त रहता है मैं अपनी श्रीमती की ओर, अगर वह घर के काम-काज से निवत्ति है, रुई के फूल बनाकर कटीली झाडियोपर टाकने का प्लाई पर सजावट के लिये किश्ती बनाने मे व्यस्त होती है—उसकी ओर देखकर खुश हो रहा होता हू और सजावटी चीजो की प्रशसा करता हू। जब सन्नी और उसकी मा सो जाती हैं, तब मैं स्वतन्त्र होकर उल्टा-सीधा लेट कर पढता हू। मेरे दाए बाए किताबें बिखरी रहती है। जब ताजा होने के लिये मैं बाहर की ओर देखता हू, रग बिरगी कोई पतग उडती हुई नजर पड जाती है या किसी छत पर बाल सुखाती हुई कोई लडकी। जब किसी रचना को छपने की स्वीकृति की चिट्ठी आती है तो उस समय कमरे मे

बिखरी हुई चीजे भी अच्छी लगती हैं। चिटठी का कई बार पढता हू और कभी कभी बासुरी भी बजाता हू जिस पर एक ही गीत गाना सीखा है 'सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था " कई बार इस सुरीली आवाज मे पडौसिया की शोर को आवाज भी मिल जाती है।

इस कमरे म रह कर भी तन मन धन स इसका कुछ नही सवार सकता। मेरा कल्पित कमरा मग-तृष्णा की तरह अस्तित्व म ही नही आ रहा हे। बुजुर्गो की कही हुई बात याद आती रहती है कि सिर पर छत जरूर हाना चाहिए। पर अभी ता पक्के तौर पर किसी छत को अपनी कहने का सौभाग्य प्राप्त नही हुआ हा खुला आसमान जरूर है। जब भी मेरा अपना घर हागा ता एक कमरे म खास तौर पर किताबे रखने के लिय शल्फ बनवाऊगा। लडीदार मोटे मनका वाली धारिया के अत मे घुघरू हाग जा दरवाजे म पर्दे की जगह लटकेंगे। तब अ दर बाहर जाने पर टुनकार का झुनझुना सा सगीत पैदा होगा। अब जब भी कभी मालिक मकान खाली करने के लिये आकर दरवाजा खटखटाता है तो दोना छाटे छाटे कमरे ऊपर और अजनबी लगने लगते हैं, और म ट्लैट देखने के लिये चल पडता हू। जब 'किराय के लिये खाली है" का बाड नही दिखाई देता ता सुदर कोठियो के डिजाइना की ओर दखकर सोचता हू कि क्या मरा भी इसी तरह का कोई घर होगा जहा चमन के अगूरा की बेल और गददीदार घास उगाऊगा और चढते सूरज की लाली म शबनम के मातियो की तरह आस चमकेगी। अपने उस कमर का कलात्मक ढग म सजाने की बात जब साच रहा हाता हू तो टोकरी मे पडा हुआ ताला मुझे चिढा रहा हाता है कि मैं भी

क्नि स्याला म शेखचिल्ली की तरह पडा हुआ हू। तभी कही दूर से लटकता हुआ गत्ता ऐसे लगता है कि उस घर वाला कमरा मेरा ही कमरा हागा। और मैं उस कमरे को लेने के लिय मालिक मकान को उढिया फिकरे कहन क वास्ते शब्दा की तलाश करन लगता हू

कुलदीप जोशी (१६५२)

अलग कमर की तलब मुझे छुटपन मे ही महसूस हा गई थी। पर किराये के मकाना मे रहते हुए अलग कमरे की तलब बस तलब ही रह गई थी। सिफ बरको मे रहते हुए एक काठरी जिसे मालिक मकान ने बाद मे खालकर इस्तेमाल करन के लिय कहा था—किसी हद तक मैं उसे 'अपना' कमरा महसूस करता रहा हू। वह मेरा पढन का कमरा भी होता था, जहा एक बार मैंने एक पेड की टहनी की बन्दूक-नुमा सी चीज वनाई और मामन की दीवार पर टाग दी (यह मैंने एक शिकारी की जिन्दगी और उसके कमरे से प्रभावित होकर किया था)। बडे भाई ने वह 'बन्दूक' घुटन पर मारकर तोडते हुए मुझे भी अच्छा चाटा पिलाया था। और या फिर लडके वाला हमारा टूटा फूटा-सा चौबारा 'मेरा' कमरा बना रहा है—'उस' लिखे खतो की इबारत का हमराज।

सैतालीस की बबादी मैंन नही देखी पर उसका एहसास अपनी अट्ठाइस बरस की उम्र म बहुत बार भागा है। बाप की नौकरी न बहुत जगहा की यात्रा करवाई। और हर नई जगह जान के समय मैं बाकी परिवार वाला से कुछ ज्यादा ही बुझा

हुआ-सा हो जाता था। ऐसा लगता था जसे हम उजड रहे हो। मेरे भीतर उस 'उजडने को सहन करने की सामथ्य बिल्कुल नही रही थी और मैं 'उजडन' से कुछ दिन पहले अपने किसी रिश्तेदार के यहा जाकर ठहर जाया करता था। पर अब सबसे वडी उजडन मैंने लहुके से आते समय महसूस की। वहा मेरा बहुत कुछ था—मेरी वह' थी, यार 'पाला' था और मेरी 'वह' के घर के सामन वाला 'जोहड' था जहा मैं डगरो को नहलाने के लिय सिफ इस वास्त जाता था कि 'वह नजर आती रहे।

वहा से चलते समय मैं बहुत रोया। डगरो को हाकते हुए कच्चे रास्तो स होता हुआ जब मैं तरनतारन पहुचा था तो बुखार से मेरा बदन तप रहा था। वाद मे उधार दी हुई गाय लान के लिये मैं जब फिर उसी गाव पहुचा तो भीतरी घाव हरा हो गया। तब मैंने जिन्दगी मे पहली बार शराब पी थी, जी भर कर। चीखें मार मार कर राया था। 'अपने' चौबारे पर चढकर वहमब कुछ तलाश करता रहा था जो यहा रहते हुए कभी हुआ करता था।

तरनतारन मे रहते हुए मुझे अलग कमरे की तलब बडी शिददत से महसूस हुई। यहा मैंने घर वाला से उलझ कर अपना अलग कमरा ले लिया था जो मेरी जिन्दगी के कई बरस तक मरी जायदाद वना रहा। इस कमर ने एलिअन जैसे साथी का साथ भी भुगता, जसबीर भुल्लर के बोल भी सुन, जगजीत आहूजा के लडखडाते हुए पावो की चाल भी देखी सुरजीत (मजिस्ट्रेट), बलवीर, कृपन सोज, और सुनील अबरोल की खनकती हुई हसी को भी सुना। कुछ पल का साथ गुल चौहान का भी जिया।

हैरानी की बात है कि मैं उस गुफा-नुमा कमरे से कसे जुडा रहा हू। टूटने के समय का खडका तो अब भी मन के किसी कोन म गूज रहा है। यह कमरा हमारे दास्त हरबस नागी का था, जिसने हमारी हालत को जानते हुए बहुत थोडे से किराये पर हमे 'बख्श दिया था इस कमरे से इतनी बुरी तरह जुड गया था कि इसे छोडने का जी नही चाहता था मुझे याद है—मैं कमरा नही छोड रहा था, कि नागी ने सारी दास्ती को छीके पर टाग कर ताला तोड कर कमरे का 'कब्जा ले लिया था। आखरी महीने का किराया अभी भी मेरे सिर है। कमर का मेरा कीमती' सामान शायद अभी भी नागी के घर के किसी कोने मे रुल रहा होगा।

कमरे मे मैं पहले अकेले रहता था, अपनी सल्तनत का एक मात्र बादशाह। फिर हम दा हो गए—मैं और ऐलिअन—एक सी मन स्थिति के सहयागी। फिर तो कमरा जैसे हुजूम बना रहा। जिसे कही कोई ठहरने की जगह न मिलती वह आकर मेरे कमरे म टिक जाता था।

कमरे मे क्या था? बाहरी आखो को लगता था—जैसे कमरे मे कुछ नही था। पर मैं जानता हू—कमरा सब कुछ से भरपूर था, हमारे मन की तरह। कमरे के बाहरी दरवाजे से प्रवेश करने पर ऐसा लगता था जसे किसी गुफा में उतर रह हो। फिर आगे नलका था और नलके से लगा हुआ, इटें रखकर बनाया हुआ चूल्हा जो चाय बनाने या ऐश करने के लिये मास मुर्गा भूनने के समय महकता था। एक कोने में खाली सिगरटा की डिब्बिया, रददी अखबारा के टुकडे नि दे की दुकान से लाए हुए छाला के खाली कमारे जो सिगरेट पीते समय ऐश ट्रे का

काम देते थे—पडे हुए थे। नलके से लगा छत तक पहुचने वाला जीना था। जब जीने से छत पर चढते तो हमारे कदमा की आवाज से पडोसिया की छता पर बठी जवान लडकिया अपना लटा पटा सभाल दगड-दगड करती सीढिया उतर जाती थी, और हम शीशे के सामने खडे हाकर अपना मुह देखते हुए सोचते—'क्या सचमुच हम आवारा उचक्के लगते है?' उन लडकिया का डर दूर करने के लिय या यू कह लीजिये कि अपा आपको शरीफजादे जताने के लिये, हमने हर साधन उपयाग किया, पर सफल न हुए। अत को उनके सबसे छोटे भाई से छोटी छाटी बातें करके यह जाहिर करना शुरू कर दिया कि हम शरीफजादे हैं। कभी छत पर जाकर किसी छाटे बच्चे को उठाकर खिलाते रहते। इस तरह के प्रयत्ना से उन लडकियो का डर धीरे धीरे दूर हुआ। अब जब हम छत पर जाते तो वह 'दगड दगड' करती नीचे नहीं उतरती थी। यह हमारी अजीब-सी जीत थी जिसका एहसास हमारे चेहरा पर बहुत दिनों तक ठाठें मारता रहा था। मुझे याद है—पहली बार जब एलिअन साहस करके उनके छोट बच्चेको उठा लाया था तो पल भर मे छत पर बैठी सारी लडकियो के चेहरा पर एकदम जर्दी सी छा गई थी जैसे कोई उनका अबोध बालक चील उठाकर ले गई हो। कमरे म आकर हम देर रात तक 'अपने इस साहस पर उनके दिला की हालत पर हसते रह थे।

ऐलिअन ने एक सुबह उठते ही—अभी चाय भी नही पी थी कि एलान कर दिया कि पगडी को फिलहाल विदा कह दी' जाएगी और वह सीधा शेरे नाई की दूकान गया और हजामत करवा आया। इसके हमे कई फायदे भी हुए और कई नुकसान

भी। एक फायदा यह हुआ कि जिस फल वाले से ऐलिअन उधार फल फूट लाया करता था, उसने पसे मागने बन्द कर दिए (ऐलिअन का वह पहचान नही सका था)। एक नुक्सान यह हुआ कि हमारे 'रस्टिल' वाले 'ऐश' म विघ्न पड गया था। जहा से हम दोना रस्टिल खरीदते थे, उसके लिये अब हम दो नही रहे थे एक हा गए थे (चेहरो से एक जसे हा गए थे)। जब मैं अपना काटा लेने जाता तो वह कहता "भाई साहब! आप अभी ता ले कर गए हैं।' काफी सिर खपाई के बाद उसे समझाने म कामयाब हाता कि वह मैं नहीं था। इस तरह कई बार हम दानो जनो न डबल कोटा भी हासिल किया।

उस कमरे ने मुझे 'बहुत कुछ' नवाजा है, और इस नवाजिस के आगे मैंने हमेशा अपने आपको झुका हुआ महसूस किया है। कमरे म बठने के लिए बोरिया फाड कर बनाया हुआ तप्पड, और बिछाया हुआ सफेद खेस, जिसे धुलवाने की हमने कभी तकलीफ नहीं उठाई थी। कमरे म बिना पल्लो की अलमारी थी जिसे मैंने खाद के इश्तहार से सजाने की कोशिश की थी। अलमारी मे हमारी मिनो पत्रिका याकूत' की कापिया हाती थी जिन्हे कई बार बडी बेदर्दी से चाय बनाने के लिये जलाने के काम म ले आते थ। कमरे के कोनो मे ऐलिअन ने बाहर से कीकर की कटीली झाडिया लाकर सजाई था। फिर हमारे मित्र बलबीर ने (शायद तरस खाकर) अपने घर से एक चारपाई ला दी थी, और हम अपने आपका और भी स्वग मे महसूस करने लग थे।

एक अजीब सजोग हुआ। इन्ही दिनो घर से भी एक और रजाई पहुच गई थी। म और एलिअन एक ही चारपाई पर बेसुद गहरी नीद साया करते थ। एक रात हम दोनों रस्टिल का

डबल कोटा लेकर जागने का अभ्यास कर रहे थे कि मुझे चाय की तलब महसूस हुई। रात के दो बजे थे। बाहर बला की ठंड थी, और अन्दर हम अपनी अपनी रजाई में दुबके पड़े थे। इन्हीं दिनों हम एक हीटर मिल गया था, और ब्लैक बिजली जलाने का ढंग बताने वाला एक बिजली वाला भी। ऐलिअन उठने के डर से मुझसे चाय बनाने के लिये कह रहा था। आखिर मैं उठा, हीटर जलाया और उसे खींच कर चारपाई के पाये से लगा लिया चाय की पत्ती, चीनी, दूध एक साथ मुसीबत निबेड़ कर मैं मा गया। फिर हमें पता लगा जब रजाई के एक कोने से लपटें उठने लगीं। मैं ऊँघ में था ही—उस कोने को पलट कर दूसरी ओर कर लिया। इस तरह चारपाई को चारों तरफ से आग ने घेर लिया। रैंस्टिल का नशा इतना गहरा था कि मुझसे उठा नहीं जा रहा था। पूरा होश तब आया जब हम धड़ाम से नीचे आ गिरे। रजाई उठा कर बाहर नलके के नीचे रख दी—खूब नलका खोल कर हम एक बची हुई रजाई लेकर फर्श पर सो गए थे कि कोई एक घंटे के बाद पड़ौसियों की छत पर से शोर सुनाई दिया —बाहर पड़ी रजाई फिर जल रही थी और पड़ौसी धुआँ और आग देखकर ऊपर से शोर मचाए जा रहे थे। दिन चढ़ चुका था पर धुंध बहुत फैली हुई थी। मैं छत पर जाकर बड़ा ढीला-सा मुँह बना कर पड़ोसियों से कह रहा था "कोई बात नहीं हुई, जी हम चाय बना रहे थे। लोग चुप-चाप लौट गए।

तरन तारन वाले उस कमरे के बारे में तो अभी और भी बहुत कुछ है जो अनकहा रह गया है—रीटा नीलम, उषा की यादें हैं—अशोक चाल्डियन मुरिन्दर राव के कहकहे हैं—और, और भी बहुत कुछ।

अब मेरा अपना मकान है। उसमे एक मेरा अपना कमरा, एक मेरा और मेरी बीवी रावी के सोन का कमरा, एक मेरे पढन का कमरा, एक हमार अज मे बच्चे की किलकारिया की प्रतीक्षा करता हुआ कमरा। सामने अलमारी मे सजाई हुई किताबें हैं। एक दीवार पर टगी—एक मित्र की आर से तोफे के तौर पर दी हुई एक पेंटिंग। सुबह के सूरज को सलाम कर रही औरत के जुडे हुए हाथा की कलडरी तस्वीर।—और, और भी बहुत कुछ। पर वह कमरा और उसके साथ जुडा हुआ मेरा अपना आप,—मुझे लगता है, मैं अभी भी उस गुरु बाजार वाले कमरे के इद-गिद कही भटक रहा हू— सचमुच भटक रहा हू। पर सारी भटकन मे सुकून की कनी तब मिलती है—जब लहुके गाव वाला कमरा आखो के आगे आ खडा हा जाता है—जहा मेरी "वह थी' और जहा मेरे अगो म मेरी जिन्दगी की पहली आग सुलग उठी थी।

दर्शन मितवा १९५३

हर महीने की अट्ठारह तारीख कभी बीस, बाईस एक दो और कभी महीने की कोई तारीख और इन तारीखा का मेरे कमरे के साथ किन्ही दो देशो की सरहद जसा रिश्ता जुडा हुआ है। यही तारीखें हैं जो कमरे के मेरे अपने या बेगाने होने मे एक लकीर हैं। इन तारीखो के आने से कुछ दिन पहले ही मुझे ऐसा लगने लगता है जसे यह मेरा अपना कमरा नही है और आने वाले अगले महीने की इन तारीखा तक मेरे ऊपर यही एहसास भारी रहता है। कभी कभी महसूस करता हू जसे जब तक साल के कलडर मे से मैं इन सब तारीखो को निकाल नही देता तब तक कोई भी कमरा मेरा अपना नही हो सकता। मैं उस कमरे की छत के नीचे पडा हुआ भी बिना छत के महसूस करता हू जिसकी छत केवल आसमान हो। सर्दिया की ठिरा देने वाली राता म अपने हाथा से छापी हुई खद्दर की रजाई मे दुबके हुए भी मैं महसूस करता हू जसे किसी बडे शहर के फुटपाथ पर पडे नग धडगे ठड से सिकुडे, काले-कलूटे मे से मैं भी एक हू। मुझे रजाई गमाई नही दती। रात को नींद नही आती। कोई सुपना नही आता जसे मेरी उम्र मे से मेरी सुपना की उम्र के

चार बरस मनफी हो गए हो।

पर फिर भी पता नही कभी-कभी क्यो वह कमरा मुझे अपना-अपना लगता है, बिलकुल अपने हाथ से खरीदी हुई बनियान जैसा, जो मैंने पहनी हुई है। यह केवल तब ही लगता है जब सिगरट की तलब लगी हो, पास सिगरट न हो, न ही सिगरट के लायक जेब मे पसे हो कोई उधार न दे और अगर कही उस समय उस कमरे के किसी काने मे से एक आध बुझी हुई सिगरेट का टुकडा मुझे मिल जाए तो वह कमरा मुझे अपनी मा जैसा लगता है छुटपन मे जिसकी गोदी मे लेटे हुए मैं उसका दूध पी रहा होता, या जब मैं अपनी खिडकी खोलता हू तो वह लडकी (कोई भी हो) सामने छत पर बाल सुखाते हुए मेरी ओर देखती रहे, या फिर दिन ढले जब सारे मोहल्ले की लडकिया मेरे कमरे के आगे चर्खे डाल कर बारीक-बारीक तार कात रही हो और उनमे वह सबसे कम उम्र की भोली सी सुदर लडकी मेरी ओर देखकर नजरें नीची कर ले

और हा सच मेरी अपनी दाढी, इसकी भी उस कमरे से इतनी साझेदारी है जैसे यह मेरे मुह पर उगने की बजाय कमरे के मुह पर उग आई हो। छोटी सी गली म मुझे बहुत कम लाग जानते हैं। नाम भी कोई ही जानता है, जानते बस इक्का दुक्का पढे लिखे ही हैं या फिर खास करके डाकखाने वाला बाबू। बस गली के लडके बच्चे मुझे दाढी वाला भाई कह कर जानते हैं। मेरे कमरे म जाने के लिय मरे नाम की जरूरत नहीं, 'दाढी वाले का कमरा पूछ लें तो आपको लगेगा जसे सचमुच ही कमर के दाढी उग आइ हो।

पर मरे कमरे म क्या है ? यह बताना भी एक अजीब-सी

पहेली है जैसे किसी नगे आदमी से पूछ रहे हो, भई तुमने क्या पहना हुआ है और जवाब म वह ठड स सिकुडता हुआ टुक्र टुक्र आपके मुह की ओर देखने लगे। ऐसा मजाक ही तो मेरे कमरे मे आने वाले के साथ होता है—किराये का कमरा १० × १० साइज, फिर भी जरूरत से ज्यादा बडा (अगर कही वह किराया घटा दे तो मै ५ × ५ से ही काम चला लू), छोटी सी चारपाई, उस पर गदेला फिर चादर और फिर रजाई या खेस

और भला कमरे मे क्या होना चाहिए? एक कुर्सी—वह मकान मालिक की है—और मेज यह बडी हसी की बात है कि मेज की जगह मकान मालिक ने (पता नही मुझ पर तरस खाकर या फालतू होने के कारण) कढाई की मशीन का नीचे का मेज जैसा स्टैंड दे रखा है, पर फिर भी हर आने वाला हैरान होकर उस कमरे की दीवारो की ओर देखे जाता है—किसी नगे आदमी के कपडो की ओर देखने के समान! दीवारो पर बनाए टूटे फूटे स्कैच खिंचे हुए देख देख कर वह उधेडबुन मे पडा रहेगा पर मै जानता हू कि यह सब भुलावा है जो मैं अपने आपको दिये जा रहा हू और औरो को भी। वह बस अकेलेपन के और उकताहट के कुछ टुकडे हैं।

एक बासुरी पडी है। एक ढोलक भी। (ढोलक किसी की है और बासुरी मेरी जो मुझे किसी ने रखने के लिये दी थी।) बासुरी बजाते समय मुझे न कमरे का पता होता है, और न अपने आपे का। मेरा कमरा जैसे ऊपर उठना शुरु हो जाता है, हवा मे तरता है आसमानो म जा पहुचता है जहा बासुरी से निकलने वाली धुन सुन कर हीर अपने राझे से मिलने के लिये सरपट भाग पडती है। मैं यह सब कुछ देखता हू जीता

हू। उसी समय पता नही गली की कोई जवान जहान ल्डकी या आरत मेरे कमरे की दीवार से कान लगा कर गली के लडको का बासुरी सुनते हुए शिशकार देती है—(पता नही उन्हे चलता क्रके वह खुद कान लगा लगा कर सुनती हो!)

कमरे म एक कार्निस है जहा कुछ लडको की और मेरी अपनी तस्वीरें पडी हैं। एक सुई, धागे की रील और एक दो कमीज क बटन। एक बिलग है जिस पर मेरी लुगी है, निकर है, कमीज है। मेरी समझ मे नही आता और क्या-क्या गिनवाऊ। हा, सच, मेरे कमरे के अन्दर एक मरुस्थल है जहा मस्सी 'पुनू पुनू, ' पुकारते हुए जलकर राख हो गई थी। यह मरुस्थल मेरे कमरे की दीवार पर थोडी-सी जगह मे है जहा एक बार मैंने खालो बैठ कर पेन्सिल से कुछ कदमा के निशान बना कर वहा लिखा था—नाक पैर मलूक दे, मेहदी नाल शिगारे बालू रेन तपे विच थल दे रयौ जौ भुनन भटियारे।

अब जब भी उस मरुस्थल पर गौर से नजर डालता हू ता दूर कही जसे मेरा आपा चला जा रहा हो जलती हुई भूरी रेत पर नग परा के चिन्ह डालता हुआ और वह चिन्ह जस सस्सी के न होकर मेरे बन गये हो। यह मरुस्थल मरे पदा हाते ही मेरे पैरा के नीचे था और तब से अब तक उसी का सफर कर रहा हू। पता नही कब खत्म होगा यह सफर। और इस मरुस्थल का समेटे हुए यह कमरा यार दोस्तो के लिये ऐसा है जैसे किसी प्यासे हिरन का पानी का तालाब मिल गया हा!

इस हजारा अरबो मील लम्बे फले हुए मरुस्थल के बराबर एक आलमारी है। इसम की कुछ किताबें हैं। किसी समय यह काफी हा गई थी बढिया बढिया। पर बढिया बढिया किताबें

कमरे के एक कोने मे सुराही रखी है। मत्तर माडल। आज कल इसके दिन पूरे हो गए हैं। मिट्टी से भरी पडी है। जवानी म यह नहाने के काम म भी आती थी और पानी पीने के भी। गर्मियो म यार-दोस्तो के लिय यह मिनी फ्रिज के समान होती थी पास ही एक पीतल का गिलास रखा है जिसे बस उसकी सारी उम्र म एक या दो बार ही धोया है। पता नही उससे क्या लगाव है कि धोने को दिल ही नही करता, पर इसने सब तरह का स्वाद चखा है—पानी का, चाय का, शराब का दूध का और जब कभी गुरचरन चाहल भीखी मेरे कमरे मे आता है तो यह गिलास उसके प्यारे मित्रो जैसा साथ और गर्माई देता है। और कमरे म, बस और ऐसी कोई बात नही है। वैसे यार लोग यह जरूर कहते हैं कि दोस्त! तुम्हारे कमरे म क्या आ गए मक्के का हज कर लिया। पहले मुझे यह बडा भद्दा सा मजाक लगता था, पर जिस दिन से एक मित्र दीवार पर एक शेर लिख गया है मैं सब कुछ का भाव समझ गया हू— वही है मकजे कावा, वही राहे बुतखाना जहा दीवाने दो मिल कर सनम की बात करते है।

बस जैसा मेरा कमरे के बारे म तसव्वुर था, कमरा मिल गया, पर काश कि तारीख के कैलडर म से सारी तारीखें कम हो जाए। और इन तारीखो के कारण कभी कभी मुझे वह कच्ची कोठरी याद आ जाती है जिसमे मेरी भूआ ने मुझे पहली घूटी दी थी जिसकी कच्ची छत मे से कही-कही पछियो ने घोसले बना रखे थे, मह के दिनो म जिसकी छत पर पैर की एडी से छत मे मोघला हो जाने का डर रहता था जहा कि मैं अपनी मा से चिपटा पडा उसकी छातियो को दूध पीने के लिय टटोल रहा होता था—काश कभी वह कच्ची कोठरी और वह दिन लौट आए!